# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

# जिला मण्डी,
# हिमाचल प्रदेश

## 11वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री जवाहर ठाकुर

माननीय, विधान सभा सदस्य

हिमाचल प्रदेश

## वार्षिक प्रतिवेदन 2017–18

दिनांकः 30 मार्च, 2018

प्रस्तुति : अरविन्द सहगल
प्राचार्य

# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,
# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2019–20

मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 13वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पधारने पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य परम आदरणीय श्री जवाहर ठाकुर जी, विधानसभा सदस्य, हिमाचल प्रदेश सरकार विराजमान हैं।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। आपका जन्म सन् 1954 में मण्डी जिला की औट तहसील के सनोड़ गांव में स्वर्गीय श्री प्रेम सिंह जी के घर में हुआ। आपकी स्कूली शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा से हुई। आप लम्बे समय से राजनीति  व समाज सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं। आप 1988–93 तक पंचायत सदस्य (Ward Member), 1993–98 तथा 1998–2003 तक दो कार्यकाल के लिए पंचायत प्रधान तथा 2003–2008 में जिला परिषद के सदस्य के रूप में चुने गये। इसके साथ ही आप स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य, 1998–2004 तक हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन (HRTC) एवं कृषि उद्योग(Agro Industries) के निदेशक मण्डल के सदस्य तथा 1991–96 तक आप दूरसंचार सलाहकार कमेटी के सदस्य रहे। इसके अतिरिक्त 2012–15 तक आप भारतीय जनता पार्टी के जिला मण्डी के अध्यक्ष भी रहे। समाज सेवा में आपकी तत्परता से कोई भी अनभिज्ञ नहीं है। इसके अलावा आपको इस क्षेत्र के एक उत्कृष्ट कृषक तथा बागवान के रूप में पहचाना जाता है। जिसके लिए 1994 में आप मण्डी तथा कुल्लु जिला के श्रेष्ठ बागवान के रूप में सम्मानित हो चुके हैं। इसी के परिणाम स्वरूप आज आप इस क्षेत्र से विधान सभा के लिए जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गये, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। आप एक ईमाानदार, लोकप्रिय, शान्त स्वभाव, मृदु भाषी व साफ छवि के नेता हैं। माननीय मुख्य अतिथि महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं समाज सेवा से हम सभी परिचित है।

हमारे मध्य विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु उपस्थित हैं, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

घोघर धार के आँचल में बसा, हिमरी गंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय

की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास का एक दशक पूर्ण कर चुका है और शैशव से बाल्यावस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। इसी विकास यात्रा के अन्तर्गत वर्तमान में यह महाविद्यालय ; वल्लभ क्लस्टर युनिवर्सिटी मण्डी का हिस्सा बनने जा रहा है, जिसकी सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी है। भविष्य में इस संस्था के विकास व उत्कर्ष के लिए आपका मार्गदर्शन मिलता रहे, हम सब की यही कामना है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## प्रवेश विवरण :–

वर्तमान शैक्षणिक–सत्र 2019–20 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ तीनों सत्रों में कक्षाएं चल रही हैं। जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 472 है। जिसमें 166 छात्र तथा 306 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 62 | 102 | 164 |
| बी0 ए0 द्वितीय वर्ष | 27 | 65 | 92 |
| बी0 ए0 षष्ठ सत्र | 16 | 66 | 82 |
| बी0एससी0 प्रथम वर्ष | 23 | 41 | 64 |
| बी0एससी0 द्वितीय वर्ष | 13 | 10 | 23 |
| बी0एससी0 षष्ठ सत्र | 19 | 14 | 33 |
| बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष | 02 | 02 | 04 |
| बी0 कॉम0 द्वितीय वर्ष | 01 | 03 | 04 |
| बी0 कॉम0 षष्ठ सत्र | 03 | 03 | 06 |
| कुल योग | 166 | 306 | 472 |

## कर्मचारियों की स्थिति :–

### शिक्षक वर्ग :–

महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं, जिनमें 18 प्राध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जबकि 01 पद प्राचार्य का रिक्त हैं।

### गैर शिक्षक वर्ग :–

गैर शिक्षक वर्ग में 22 पद सृजित हैं, जिनमें 08 पदों पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चतुर्थ श्रेणी में 08 पद सृजित हैं, जिनके स्थान पर 06 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस तरह गैर शिक्षक वर्ग में 14 पद तथा चतुर्थ श्रेणी में 02 पद रिक्त हैं।

## रिक्तियाँ :–

रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है :–

| विभाग / वर्ग | स्वीकृत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| शिक्षक वर्ग | प्राचार्य – 01 पद | 01 पद |
| | शिक्षक – 18 पद | nil |
| | पुस्तकालयाध्याक्ष – 01 पद | 01 पद |
| | सहायक पुस्तकालयाध्याक्ष – 01 पद | nil |
| | पुस्तकालय परिचर – 01 पद | 01 पद |
| | पुस्तकालय रीस्टोरर – 01 पद | 01 पद |
| | एस0एल0ए0 – 02 पद | nil |
| | जे0एल0ए0 – 04 पद | 04 पद |
| | एल0ए0 – 05 पद | 04 पद |
| | अधीक्षक – 01 पद | nil |
| | वरिष्ठ सहायक – 01 पद | 01 पद |
| | लिपिक – 03 पद | nil |
| | स्टोर कीपर – 01 पद | 01 पद |
| | तबला अनुदेशक – 01 पद | 01 पद |
| चतुर्थ श्रेणी | सेवादार – 03 पद | nil |
| | चौकीदार – 02 पद | nil |
| | सफाई कर्मचारी – 02 पद | 02 पद |
| | माली – 01 पद | nil |

| Teaching Category | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Sr.No** | **Subject** | **Sanctioned Post** | **Filled** | **Vacant** |
| 1 | Principal | 1 | | **1** |
| 2 | English | 2 | 2 | |
| 3 | Hindi | 1 | 1 | |
| 4 | History | 1 | 1 | |
| 5 | Pol.Science | 1 | 1 | |
| 6 | Economics | 1 | 1 | |
| 7 | Sociology | 1 | 1 | |
| 8 | Geography | 1 | 1 | |
| 9 | Music | 1 | 1 | |
| 10 | Math | 1 | 1 | |
| 11 | Physics | 2 | 2 | |
| 12 | Chemistry | 2 | 2 | |
| 13 | Botany | 1 | 1 | |
| 14 | Zoology | 1 | 1 | |
| 15 | Commerce | 2 | 2 | |
| **Non-Teaching Category** | | | | |
| **Sr.No** | **Name of Post** | **Sanctioned Post** | **Filled** | **Vacant** |
| 1 | Supdt-II | 1 | 1 | |
| 2 | Sr. Assistant | 1 | 1 | |
| 3 | Clerk | 3 | 2 | |
| 4 | Store Keeper | 1 | | **1** |
| 5 | Librarian | 1 | | **1** |
| 6 | Asstt. Librarian | 1 | | **1** |
| 7 | Library Attendent | 1 | | **1** |
| 8 | Library Restorer | 1 | | **1** |
| 9 | SLA | 2 | 2 | |
| 10 | JLA | 4 | | **4** |
| 11 | LA | 5 | 1 | **4** |
| 12 | Peon | 3 | 3 | |
| 13 | Chowkidar | 2 | 2 | |
| 14 | Gardener | 1 | | **1** |
| 15 | Sweeper | 2 | | **2** |
| 16 | Tabla Instructer | 1 | | **1** |

## स्थानान्तरण :—

इस शैक्षणिक सत्र में प्राचार्य, अरविन्द सहगल ने राजकीय महाविद्यालय रिवालसर से स्थानांतरित होकर राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में कार्यभार ग्रहण किया तथा प्राचार्या, रंजना मल्होत्रा इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय रिवालसर को स्थानांतरित हुई।

प्रो0 कल्याण चन्द मंढोत्रा (संगीत) राजकीय महाविद्यालय बासा से, प्रो0 दायक राम ठाकुर (राजनीति विज्ञान), प्रो0 सन्दीप कुमार (भौतिक विज्ञान), प्रो0 विवेक कपूर (गणित) व प्रो0 नीलम शर्मा (रसायन शास्त्र) वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी से, प्रो0 चेतना शर्मा (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर से तथा प्रो0 रमेश चन्द शर्मा (राजनीति विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय हरीपुरधार (सिरमौर) से राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला को स्थानांतरित हुए।

प्रो0 कोष पाल (संगीत), प्रो0 जया ठाकुर (इतिहास) व प्रो0 रमेश कटारिया (जीव विज्ञान) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय बासा, प्रो0 सुमित ठाकुर (राजनीति विज्ञान) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय हरीपुरधार (सिरमौर), प्रो0 शिखा कपूर (अंग्रेजी ), प्रो0 नितु पठानिया (वनस्पति शास्त्र), प्रो0 संजय शर्मा (गणित) व प्रो0 देविका वैद्य (रसायन शास्त्र) इस महाविद्यालय से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी तथा प्रो0 रमेश चन्द शर्मा (राजनीति विज्ञान) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय डैहर को स्थानांतरित हुए।

श्री देव राज (एल0 ए0) इस महाविद्यालय से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी को स्थानांतरित हुए।

श्री लाला राम (सेवादार) इस महाविद्यालय से उप निदेशक, उच्चत्तर शिक्षा विभाग, मण्ड़ी तथा श्रीमती कौशल्या देवी (सेवादार) यहां से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कोटहटली, तहसील बलद्ववाड़ा (सरकाघाट) को स्थानांतरित हुईं।

श्री बिशन दास (सेवादार) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कोटहटली, तहसील बलद्ववाड़ा (सरकाघाट) से तथा श्रीमती रामकली (सेवादार) राजकीय माध्यमिक पाठशाला, थाटा से इस महाविद्यालय को स्थानांतरित हुईं।

## प्रतिनियुक्ति :—

प्रो0 मनोज कुमार (इतिहास) वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी से इस महाविद्यालय में प्रतिनियुक्त हुए थे अब उनके स्थान पर प्रो0 सुरेश कुमार, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी से इस महाविद्यालय को सप्ताह में तीन दिन के लिए प्रतिनियुक्त हुए।

प्रो0 राज कुमार (हिन्दी) इस महाविद्यालय से वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मण्डी को सप्ताह में तीन दिन के लिए प्रतिनियुक्ति पर गए।

## पदोन्नति :—

प्रो0 सुनीता सिंह (भौतिक विज्ञान) प्राचार्या के पद पर पदोन्नत होकर इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय डैहर गयीं।

श्री सुन्दर सिंह, चौकीदार से एल0ए0 पदोन्नत हुए व इसी महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।
श्री कृष्ण चन्द, जे0एल0ए0 से एस0एल0ए0 पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय बासा से राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला को स्थानांतरित हुए।

## सेवानिवृति :—

श्रीमती कौशल्या देवी (सेवादार) इस महाविद्यालय से 31 दिसम्बर, 2017 को सेवानिवृत हुई।

## शैक्षणिक परिणाम :—

| संकाय | सत्र | क्रम संख्या | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम सत्र (1st Sem.) | 1 | भावना ठाकुर | प्रथम |
| | | 2 | संगीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | पूजा कुमारी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम सत्र (1st Sem.) | 1 | प्रवीण कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | विजय लक्ष्मी | द्वितीय |
| | | 3 | अनिकेत ठाकुर | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय सत्र (2nd Sem.) | 1 | पार्वती | प्रथम |
| | | 2 | गलिता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | संगीता देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय सत्र (2nd Sem.) | 1 | विजय लक्ष्मी | प्रथम |
| | | 2 | कुमारी दिशा | द्वितीय |
| | | 3 | अनिकेत ठाकुर | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | द्वितीय सत्र (2nd Sem.) | 1 | विजय कुमार | प्रथम |
| | | 2 | संजय बहादुर | द्वितीय |
| | | 3 | नीलम कुमारी | तृतीय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | पूजा देवी | प्रथम |
| | | 2 | आशीष कुमार | द्वितीय |
| | | 3 | ईशु कुमारी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | काजोल कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | वनीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | दीपा मंहत | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | मनोज | प्रथम |
| | | 2 | सुषमा देवी | द्वितीय |
| | | 3 | योग राज | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | आशा कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | अंकित | द्वितीय |
| | | 3 | ममता देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | काजोल कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | दीपा मंहत | द्वितीय |
| | | 3 | रीता देवी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | सुषमा देवी | प्रथम |
| | | 2 | मनोज | द्वितीय |
| | | 3 | नेहा कुमारी | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | गंगा देवी | प्रथम |
| | | 2 | सविता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | आशा देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | सविता कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | नीलम देवी | द्वितीय |
| | | 3 | दीपिका | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | पंचम सत्र ($5^{th}$ Sem.) | 1 | करिश्मा ठाकुर | प्रथम |
| | | 2 | पूनम कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | शुभम | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | षष्ठ सत्र ($6^{th}$ Sem.) | 1 | रीना देवी | प्रथम |
| | | 2 | गंगा देवी | द्वितीय |
| | | 3 | सविता देवी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय | षष्ठ सत्र | 1 | सविता कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | शादाब | द्वितीय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (Science) | ($6^{th}$ Sem.) | 3 | रूपा देवी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | षष्ठ सत्र ($6^{th}$ Sem.) | 1 | पूनम कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | शुभम | द्वितीय |
| | | 3 | करिश्मा ठाकुर | तृतीय |

## परीक्षा संचालन :–

**18 सितम्बर से 25 सितम्बर, 2017 तक (प्रथम, तृतीय एवं पचंम सत्र) की तथा 05 मार्च से 12 मार्च, 2018 तक (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सत्र) की मध्यावधि परीक्षाएं संचालित की गईं।**

## छात्रवृत्तियां :–

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :–

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति | कुल राशि | छात्र संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 25,846 | 06 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 21,400 | 05 |
| 3 | ओ0बी0 सी0 | 26,328 | 08 |
| 4 | आई0 आर0 डी0 पी0 | 32,400 | 27 |
| 5 | कल्पना चावला | 90,000 | 06 |
| 6 | आर्थिक पिछड़ी जाति | 10,352 | 02 |
| | कुल योग | 2,06,326 | 54 |

## पुस्तकालय :–

पुस्तकालय किसी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पत्ति होती है तथा इसका आकार संस्था की स्थिति का द्योतक होता है । राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अभी अपने प्रारम्भिक चरण में है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की 2795 बहुमूल्य पुस्तकें हैं। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन हेतु हिन्दी के तीन तथा अंग्रेजी का एक दैनिक समाचार पत्र अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव पर पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद :–

इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 13 सितम्बर, 2017 को शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मनोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से हैः–

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | काजोल कुमारी | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 2. | उपाध्यक्ष | आशीष कुमार | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 3. | सचिव | कविता कुमारी ठाकुर | बी0एस0 सी0 प्रथम सत्र |
| 4. | सह–सचिव | कृतिका ठाकुर | बी0 कॉम प्रथम सत्र |
| 5. | कक्षा प्रतिनिधि | सुनीता | बी0ए0 प्रथम सत्र |
| 6. | कक्षा प्रतिनिधि | रोहित | बी0एस0 सी0 प्रथम सत्र |
| 7. | कक्षा प्रतिनिधि | अश्वनी | बी0 कॉम प्रथम सत्र |
| 8. | कक्षा प्रतिनिधि | प्रवीण कुमारी | बी0एस0 सी0 तृतीय सत्र |
| 9. | कक्षा प्रतिनिधि | वनीता | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 10. | कक्षा प्रतिनिधि | आशा कुमारी | बी0ए0 पंचम सत्र |

इसके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए निम्नलिखित दस सदस्य भी नामांकित किए गए हैं :–

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | एन0एस0एस0 | अनुपम ठाकुर | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 2. | एन0एस0एस0 | अमित धरवाल | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 3. | खेल–कूद (पुरुष) | नीरज कुमार | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 4. | खेल–कूद (पुरुष) | चेत राम | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 5. | सांस्कृतिक | हिमानी शर्मा | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 6. | सांस्कृतिक | पूजा कुमारी | बी0ए0 तृतीय सत्र |
| 7. | रेड क्रॉस | आशा कुमारी | बी0ए0 तृतीय सत्र |
| 8. | इको क्लब | रणजीत सन्धु | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 9. | श्रोवर | गोपाल सिंह | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 10. | रेन्जर | वनीता देवी | बी0ए0 पंचम सत्र |

## अभिभावक–शिक्षक संघ :–

25 सितम्बर, 2017 को महाविद्यालय में अभिभावक–शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य, अरविन्द सहगल की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये :–

| क्रम सं0 | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | श्री विनोद कुमार |
| 2. | उपप्रधान | श्रीमती मथुरा देवी |
| 3. | सचिव | श्री राम सिंह पटियाल |
| 4. | सह–सचिव | श्री शक्ति चन्द |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्री प्रेम सिंह |
| 6. | मुख्य सलाहकार | श्री गोपाल सिंह |
| 7. | सदस्य | श्रीमती ममता देवी |
| 8. | सदस्य | श्रीमती जसवन्त कौर |
| 9. | सदस्य | श्री नवल किशोर शर्मा |
| 10. | सदस्य | डॉ0 कल्याण चन्द मंढोत्रा |
| 11. | सदस्य | प्रो0 सन्दीप कुमार |
| 12. | सदस्य | डॉ0 मीना कुमारी |
| 13. | सदस्य | प्रो0 आशा ठाकुर |

**PTA Fund** से ऐसीस्टेंट लाइब्रेरियन व एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही हैं।

## खेलकूद गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा का प्राध्यापक न होते हुए भी, सुविधाओं के अभाव में प्रो0 सन्दीप कुमार ने  वॉलीबॉल टीम की तैयारियां करवायी तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में पुरूष वॉलीबॉल टीम ने राजकीय महाविद्याालय नेरवा, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश में भाग लिया, जिसमें हमारी टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counselling Cell):-

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने हेतु जीविका परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसकी समन्वयक प्रो0 देविका वैद्य थीं। इसके अंतर्गत डॉ0 रविन्द्र कुमार व प्रो0 वर्षा वर्मा ने विविध कार्य क्षेत्रों के विषय में विद्यार्थियों को व्यापक जानकारियां दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई कार्यक्रम अधिकारी मेहर चन्द के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना में 87 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कार्यों के प्रति जागरूक भी किया गया। नियमित गतिविधियों में महाविद्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण हेतु पार्थेनियम घास मुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें परिसर एवं आस–पास उगी घास निकाली गयी तथा इसके दुष्प्रभावों से भी स्वयं सेवियों को अवगत कराया। इसके साथ ही पोलिथिन हटाओ आंदोलन भी चलाया गया।

महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों द्वारा इस सत्र में बाऩ एवं देवदार प्रजाति के लगभग 70 पौधों की रोपाई की गयी तथा परिसर में पौधों की समय–समय पर देखभाल व सिंचाई के साथ–साथ साफ–सफाई की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

28 सितम्बर, 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना का 'स्थापना दिवस' मनाया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे देश भक्ति गीत, लोकगीत व लोकनृत्य, समूहगान, भाषण प्रतियोगिता तथा कविता पाठ आदि में भाग लिया।

23 से 29 दिसम्बर, 2017 तक महाविद्यालय में एन0एस0एस0 के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविन्द सहगल द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करके किया गया। इस शिविर में 56 स्वयंसेवियों ने भाग लिया । जिसके अर्न्तगत महाविद्यालय में सफाई, सौन्दर्यीकरण, वनस्पति उद्यान बनाकर क्यारियों व फूलवारियों का निर्माण तथा रोपी गांव में रास्ते का निर्माण व झाड़ियों की कटाई का कार्य किया गया।

बौद्धिक व शैक्षणिक सत्र गतिविधियों में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से श्री राकेश यादव ने स्वास्थ्य संबन्धी गैर संचारी रोगों व **RNTCP(TB)** संशोधित क्षय रोग नियन्त्रण व प्राथमिक चिकित्सा सहायता संबन्धी जानकारी प्रदान की। सिंचाई व जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल संरक्षण, संग्रहण व पानी की शुद्धता जाँचने की जानकारी दी तथा महाविद्यालय के लिए वाटर टेस्टींग किट भी भेंट की। राज्य सहकारी बैंक शाखा पधर के सहप्रबंधक श्री अनिल राणा, पधर सहकारी बैंक शाखा द्वारा कैशलेश अर्थव्यस्था, गैर नकदी लेनदेन में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न तरीकों की जानकारी व मोबाइल वॉलेट से संबधित जानकारी स्वयंसेवियों को दी।

इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों ने समाज में फैली कुरीतियों व विकृतियों के बारे में लोगों को जागरुक भी किया । विशेष वार्षिक शिविर के समापन के अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिसमें उन्होंने स्वयंसेवियों के कार्यों की प्रशंसा की और देश व समाज के लिए इन सेवाओं

को महत्वपूर्ण बताया। ऐसे शिविरों से स्वयंसेवियों में समाजसेवा के माध्यम से चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, टीम भावना, नेतृत्व कौशल, प्रबंधकीय कला, स्वानुशासन व दार्शनिकता के साथ–साथ मार्मिकता और सहृदयता को भी अंगीकार करने में मदद मिलती है जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय है।

## <u>भारत स्काउट एण्ड गाइड</u> :–

इस सत्र में रोवर एवं रेन्जर इकाईयां डॉ0 कल्याण चन्द मंढोत्रा और डॉ0 मीना कुमारी के नेतृत्व में चल रही हैं। जिसमें 24 रेन्जर्स व 13 रोवर्स ने 'प्रवेश' लिया है। रोवर्स व रेन्जर्स ने महाविद्यालय में समय–समय पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें 'गान्धी जयंती' के अवसर पर इन्होंने 'स्वच्छता अभियान' में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। 03 अक्तूबर, 2017 को रोवर एवं रेन्जर ने 'अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस' के अवसर पर 'विश्व–शान्ति' से सम्बन्धित निबन्ध लेखन, नारा लेखन, कविता–पाठ एवं पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया तथा भाग भी लिया। इसके अतिरिक्त रोवर एवं रेन्जर ने एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर महाविद्यालय के प्रांगण की सफाई भी की।

## <u>इको क्लब (Eco Club)</u> :–

सांईस एण्ड टैक्नालॅाजी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति छात्रों को जागरूक कराना तथा **Clean & Green** अभियान से जोड़ना है । इको क्लब में इस सत्र में 50 विद्यार्थी नामांकित हैं। इको क्लब के संमन्यवक डॉ0 चेतना शर्मा के नेतृत्व में 12 अगस्त , 2017 को इको क्लब के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिक्षेत्र में लगभग 50 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

## <u>रेड क्रॉस सोसाइटी</u> :–

महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने प्रो0 देविका वैद्य के निर्देशन में रेड क्रॉस के टिकट बेच कर 2500 रुपये की राशि अर्जित की। जिसे उपमण्डलाधिकारी के कार्यलय में जमा करवाया गया।

## <u>रेड रिबन क्लब</u> :–

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया है जिसमें इस सत्र में 50 छात्र नामांकित हुए हैं। इस क्लब के समन्वयक प्रो0 देविका वैद्य थीं। दिनांक 26 दिसम्बर, 2017 को महाविद्यालय में 'रेड रिबन क्लब' के सहयोग से 'एडस जागरूकता दिवस' मनाया गया तथा इस उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

## अन्य गतिविधियाँ :–

15 अगस्त, 2017 को महाविद्यालय के प्रांगण में 'स्वतन्त्रता दिवस' मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्रों, प्राध्यापकों व गैर शिक्षक वर्ग के कर्मचारियों के साथ–साथ एन0एस0एस0, रोवर–रेन्जर एवं इको क्लब के सदस्यों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

19 अगस्त, 2017 को महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गान्धी की 73वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'राष्ट्रीय सद्भावना दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के समस्त छात्रों, प्राध्यापकों व गैर शिक्षक वर्ग के कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलायी गयी।

13 सितम्बर, 2017 को महाविद्यालय में 'केद्रिन्य छात्र संघ' के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी।

14 सितम्बर, 2017 को 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में कविता–पाठ, निबन्ध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

17 सितम्बर, 2017 को महाविद्यालय में '**SVEEP**' के अन्तर्गत 'चुनाव जागरूकता कार्यक्रम' से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस अवसर पर उपमण्डलाधिकारी, पधर भी उपस्थित थे।

26 नवम्बर, 2017 को महाविद्यालय में 'सविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को याद किया गया तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया।

14 दिसम्बर, 2017 को महाविद्यालय में 'लैंगिक जागरूकता' के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समाज में पाये जाने वाले लैंगिक भेद–भाव पर विशद् चर्चा की।

27 दिसम्बर, 2017 को महाविद्यालय में 'संगीत गोष्ठी' (**Musical Concert**) का आयोजन किया गया जो मुख्यतः लोकगीतों पर केन्द्रित थी। इस विशेष अवसर पर उपायुक्त मण्डी मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त उपमण्डल पधर के विभिन्न अधिकारी, मण्डी जिला के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्राध्यापक भी उपस्थित थें। इस कार्यक्रम की मुख्यतिथि एवं समस्त उपस्थित अतिथियों ने भूरी–भूरी प्रशंसा की।

28 फरवरी, 2018 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, प्रश्नोत्तरी व विज्ञान से सम्बन्धित मॉडल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ :–

1) इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि महाविद्यालय को 2(F) और 12(B) की सूची में यु0 जी0 सी0 द्वारा शामिल किया जाना है। जिसके फलस्वरूप महाविद्यालय केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाली सहायता राशि को प्राप्त करने के लिए पात्र हो गया है। इस कार्य के लिए मैं विशेष रूप से प्रो0 संजय सहगल एवं प्रो0 सन्दीप कुमार का धन्यवाद करता हूँ जिनकी कड़ी मेहनत से यह कार्य सम्भव हुआ।

2) क्लस्टर विश्वविद्यालय के भवन निमार्ण सम्बन्धी मामला हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के साथ सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् उचित माध्यम से माननीय मुख्य मन्त्री, हि0प्र0 को लागत व्यय के प्रशासनिक अनुमोदन व अवलोकन हेतु प्रेषित किया गया है।

3) रूसा के अन्तर्गत प्राप्त राशि से महाविद्यालय में प्राचार्य, शिक्षकों व कार्यलय के कमरों की पुनर्सज्जा तथा कॉनफ्रेन्स हॉल की पुनर्सज्जा के लिए जरूरी फरनीचर व सामान प्रशासनिक अनुमोदन व अवलोकन के पश्चात् खरीदा गया।

4) महाविद्यालय की बाह्य चाहरदिवारी के लिए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को अनुमानित राशि जमा करवा दी गयी है तथा इसका कार्य भी शुरू हो चुका है।

5) विज्ञान–भवन का कार्य हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू किया जा चुका है। इसके निर्माण कार्य में तत्परता दिखाकर अतिशीघ्र पूर्ण करने की आवश्यकता है। ताकि विज्ञान के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्याख्यान कक्ष व प्रयोगशालाएं उपलब्ध हो सकें।

6) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 100 **Days Agenda** के अन्तर्गत कार्यलय में एकत्रित अनावश्यक सामान नष्ट किया गया, रद्दी व बेकार हो चुकी वस्तुओं की नीलामी की गयी एवं अव्यवस्था को दुरुस्त किया गया तथा महाविद्यालय के केम्पस को **Wi-Fi** सुविधा से जोड़ा गया।

7) माननीय उच्च न्यालय व सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु **CCTV** कैमरे लगाये गये।

8) महाविद्यालय के भवन के भू–तल के सामने की दीवार जो लगभग गिरने वाली स्थिति में थी उसकी अनुमानित राशि हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को जमा करवा दी गयी है तथा इसका कार्य भी शुरू हो चुका है।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

प्रो0 देविका वैद्य ने 13 अक्तूबर, 2017 को क्षेत्रीय अस्पताल मण्डी में रैड क्लब के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

प्रो0 दायक राम ठाकुर ने 02 से 03 फरवरी, 2018 तक 'ठाकुर जगदेव चन्द शोध संस्थान' नेरी, हमीरपुर में आयोजित "राष्ट्रीय इतिहास लेखन" नामक कार्यशाला में भाग लिया तथा 22 से 23 फरवरी, 2018 तक 'आगरा कॉलेज आगरा (उ0प्र0)' में **NAAC** द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमीनार **"Quality Concerns in Indian Higher Education: Emerging Challenges and Opportunities"** में **"Stepping Towards Quality Education in Himachal Pradesh, Opportunities and Challenges"** नामक विषय पर शोध पत्र पढ़ा। इसके साथ ही इन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में राजनीति विभाग द्वारा आयोजित " भारतीय विदेश नीति : चुनौतियाँ व परिप्रेक्ष्य" नामक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया।

प्रो0 सन्दीप कुमार ने 22 से 23 फरवरी, 2018 तक 'आगरा कॉलेज आगरा (उ0प्र0)' में **NAAC** द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमीनार **"Quality Concerns in Indian Higher Education: Emerging Challenges and Opportunities"** में भाग लिया तथा 20 मार्च से 26 मार्च, 2018 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास आयोग के अन्तर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **''Short Term Course on Research Methodology"** में भाग लिया।

प्रो0 आशा ठाकुर ने 01 से 28 नवम्बर, 2017 तक 'पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़' में **'Orientation Programme'** में भाग लिया।

प्रो0 मेहर चन्द ने 01 से 28 फरवरी, 2018 तक 'पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला' में **'Orientation Programme'** में भाग लिया।

## महाविद्यालय की समस्याएं व अपेक्षाएँ :–

महोदय,

मैं आपका ध्यान महाविद्यालय की बहुत गम्भीर समस्याओं की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा।

1) महाविद्यालय में शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग के रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में समय–समय पर अवगत करवाया गया किन्तु कोई

सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। जिसके कारण छात्रों व संस्थान को अत्याधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। रिक्तियों की सूची इस प्रकार से है:–

- विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान **(Physics)** व वनस्पति विज्ञान **(Botony)** के प्राध्यापक का एक–एक पद रिक्त हैं।
- वाणिज्य संकाय में वाणिज्य **(Comerce)** के प्राध्यापक का एक पद रिक्त हैं।
- कला संकाय में इतिहास **(History)** व अंग्रेजी **(English)** विभाग में प्राध्यापक का एक–एक पद रिक्त हैं।
- पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष **(Librarian),** सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष **(Assistant Librarian),** पुस्तकालय परिचर **(Library Attendant),** व पुस्तकालय रीस्टोरर **(Restorer)** के सभी पद रिक्त हैं।
- गैर शिक्षक वर्ग में, चतुर्थ श्रेणी में एक पद माली व सफाई कर्मचारी के दो पद रिक्त हैं।
- प्रयोगशाला स्टाफ में **JLA** के चार तथा **LA** के चार पद रिक्त हैं।
- तबला अनुदेशक का एक पद रिक्त है।
- स्टोर कीपर का एक पद रिक्त है।
- ये सभी स्वीकृत पद रिक्त है। इन्हें जल्दी भरा जाए, ताकि शिक्षण संस्थान का संचालन व्यवस्थित हो सके।
- रूसा के अर्न्तगत **Choice Based Credit System(CBCS)** विद्यार्थियों को विषय चयन का पूर्ण लाभ मिल सके इसके लिए मुख्यतः प्राध्यापकों के क्रमशः शारीरिक शिक्षा, कम्पयूटर एप्लीकेशन, जर्नलिज्म एवं मास कन्युनिकेशन, संगीत (वाद्य) एवं संस्कृत विषयों के पद सृजित किए जाएं।

2) कर्मचारियों के लिए निर्मित आवासीय भवनों का यद्यपि विधिवत उद्घाटन हो चुका है तथापि लोक निर्माण विभाग द्वारा इन्हें अभी तक महाविद्यालय को हस्तांतरित नहीं किया। अभी भी कमियों के निवारण हेतु संयुक्त जांच कमेटी का गठन व जांच रिर्पोट जैसी जरूरी औपचारिकताएँ अभी भी शेष है।

3) राष्ट्रीय उच्च मार्ग–154 नारला, वैष्णो माता मन्दिर से महाविद्यालय तक के सम्पर्क मार्ग को उपयुक्त जल निकासी उपरान्त पक्का करना शिक्षण संस्थान व विद्यार्थियों तथा आस–पास के ग्रामवासियों के हित के लिए अतिआवश्यक है क्योंकि बरसात के दिनों में यहाँ चिकनी मिट्टी कच्ची सड़क पर जमा हो जाने से चलने में बहुत परेशानी होती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर इस मार्ग को अतिशीघ्र पक्का किया जाए ।

4) क्षेत्र के एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान को परिवहन की उचित सुविधा न होने के कारण प्रतिदिन अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। सभी सम्पर्क कार्यालय पधर में होने के कारण आने –जाने की असुविधा रहती है। इस महाविद्यालय में अधिकांश छात्राएँ शिक्षारत् हैं, जिन्हें अपनी कक्षा की समाप्ति के पश्चात् बस सुविधा न होने के कारण अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः सुबह 09:30 बजे से 10:30 बजे तक तथा अपराह्न 03 बजे से 04 बजे तक बस सेवा प्राथमिकता के आधार पर वांछनीय है। कार्यलयी प्रयोजन हेतु कम से कम डेढ़ घण्टे के अन्तराल पर शाम तक बसें उपलब्ध करवायी जायें। महोदय, यदि हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थानीय मार्गों पर चलने वाली बसों को कॉलेज बस स्टॉप तक बढ़ा दिया जाए तो कुछ हद तक हमारी समस्या हल हो सकती है।

5) महाविद्यालय से सम्पर्क मार्ग तक सुनसान व घने जंगल से गुजरते समय महाविद्यालय की छात्राओं को मनचले व शरारती तत्त्वों का सामना करना पड़ता है इस सम्बन्ध में उपायुक्त मण्डी व स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पुलिस गश्त हेतु लिखा गया परन्तु कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला।

6) महाविद्यालय परिसर में सामने की पहाड़ी की कच्ची मिट्टी बारिश में गिरती रहती है यदि इसके लिए सीढ़ीनुमा दीवार (**retaining wall**) बनवायी जाए तो सीढ़ियों पर विद्यार्थियों को खाली समय में बैठनें की उचित जगह मिल सकेगी। यह विद्यार्थियों की मुख्य मांग भी है कि उन्हें खाली समय में बैठने व विश्राम के लिए उचित स्थान चाहिए। इसलिए महाविद्यालय की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि परिसर के सामने सीढ़ीनुमा दीवार (**retaining wall**) बनवायी जाए। अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि इस सीढ़ीनुमा दीवार के निर्माण हेतु यथाशीघ्र उचित बजट का प्रावधान किया जाए।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कर हमें कृतार्थ करेगें।

मान्यवर,

सत्र 2017–18 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय इस महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बन्धुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

श्री जवाहर ठाकुर जी, विधानसभा सदस्य, हिमाचल प्रदेश सरकार के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंनें इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने हेतु सहमति प्रदान की और अपने व्यस्त क्षणों में से समय निकाला। इसके लिए हम आपके अत्यन्त आभारी हैं।

यहां पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करता हूँ। हमें आशा है कि आप विद्यार्थी अपनी मंजिल अवश्य पाएंगें और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रत्यनशील रहेंगे।

धन्यवाद !